# मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास किया, बोले-कभी बीमारू कहा जाने वाला यूपी देश का ग्रोथ इंजन बना

# यूपी को 50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले: योगी

**संबोधन**

**गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट चार स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) में गुरुवार को ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। यूपी को आठ साल में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से 15 लाख करोड़ के निवेश से उत्पादन भी शुरू हो चुका है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह साढ़े 11 बजे सीईएल पहुंचे और डाटा सेंटर का भूमिपूजन किया। सीईएल इस डाटा सेंटर को ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सॉल्युशंस प्रा. लि. के साथ तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डाटा सेंटर विकसित भारत के साथ विकसित प्रदेश के संकल्प का अहम हिस्सा होगा। उत्तर प्रदेश ने आठ साल में अपनी अर्थव्यवस्था को ढाई गुना बढ़ाया। वर्ष 2016-17 में बीमारू राज्य कहा जाता था। पहचान के संकट से जूझ रहा प्रदेश देश की प्रगति में बाधक बन रहा था। लोग पहले यूपी के लोगों से बात नहीं करते थे। डबल इंजन की सरकार के कार्यों की बदौलत छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाए। प्रति व्यक्ति आय बढ़ाई। सड़क, रेलवे, मेट्रो और जल मार्ग को मजबूत और अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर दिया गया। जहां पहले निवेश को समेटकर लोग जा रहे थे, वहीं आज लगातार निवेश आ रहा। उन्होंने कहा कि नीति बनाकर अलग-अलग सेक्टर को जोड़ा गया। एमओयू की मॉनिटरिंग के जरिए स्टार्टअप शुरू करने वालों को इंसेंटिव भी तुरंत मिल रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को साहिबाबाद में डाटा सेंटर का शिलान्यास किया।

## ब्रह्मोस मिसाइल विश्वसनीय बनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए भी 25 हजार करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले। लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल बन रही, जिसके कई अहम उपकरण रैडोम, रडार प्रणाली और स्पीड कंट्रोल आदि सीईएल में ही बनते हैं। अभी हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आकाश और ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण करके देखा। ये दोनों मिसाइल दुनिया के लिए विश्वसनीय बन गई हैं।

## नेट जीरो लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता जताई

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि इसे नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोजन और एटॉमिक ऊर्जा से प्राप्त कर सकते हैं। सोलर पैनल के उत्पादन से सीईएल ने इसका रास्ता दिखाया है। इनके सोलर माड्यूल से हम वन क्षेत्र में ऊर्जा देने में कामयाब हुए, जहां एनजीटी की रोक के कारण सामान्य लाइन नहीं पहुंचा सकते थे।

## नोएडा में देश की पहली क्वॉन्टम यूनिट लगेगी

केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सीईएल के सीएमडी चेतन प्रकाश जैन ने सीईएल को आत्मनिर्भर बनाया। इसे बिकने से बचाया। वर्ष 1977 में सीईएल ने ही भारत का पहला सोलर सेल विकसित किया था। अपनी दक्षता के बल पर आज डाटा सेंटर का भी काम शुरू कराया। उन्होंने बताया कि तकनीक में देश आगे बढ़ रहा है और जल्द ही हम नोएडा में देश का पहला क्वांटम यूनिट लगाने जा रहे।

## एक हजार करोड़ से बन रहा डाटा सेंटर

डाटा सेंटर करीब एक हजार करोड़ रुपये में 18 महीने में बनकर तैयार होगा। 30 मेगावाट की क्षमता वाले इस केंद्र में साल 2027 की शुरुआत से विभिन्न प्रतिष्ठान अपना डाटा सुरक्षित रख सकेंगे। पीपीपी मॉडल पर बनने वाला यह देश का पहला डाटा सेंटर है। इसे गाजियाबाद के साथ ही प्रदेश में भी आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने वाला कदम माना जा रहा है। डाटा सेंटर में भारत निर्मित क्लॉउड का इस्तेमाल होगा।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे कई योजनाओं का शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर शुक्रवार को लखनऊ में एक भव्य समारोह में कई बड़ी घोषणाएं और लोकार्पण करेंगे। लोकभवन में मुख्यमंत्री द्वारा सीएम-युवा मोबाइल ऐप का बटन दबाकर शुभारंभ किया जाएगा। बरेली और मुरादाबाद जनपदों में तैयार ओडीओपी कॉमन फैसिलिटी सेंटर परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन भी किया जाएगा। अलीगढ़ के ख्यामई में अवस्थापना सुविधाओं से जुड़ी परियोजना के 5 लाभार्थियों को आवंटन पत्र प्रदान किए जाएंगे। लखनऊ के किसान बाजार में विकसित 'यूथ अड्डा' का भी मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया जाएगा।